नशे की तस्करी करते दो पार्षदों को पकड़ा, 40 किलो डोडा-पोस्त बरामद

सूरतगढ़, (कासं)। श्रीगंगानगर में पुलिस ने 2 पार्षदों को डोडा-पोस्त की तस्करी करते पकड़ा। पार्षद तस्करों की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहे थे। एक पार्षद कांग्रेस से वाइस चेयरमैन का चुनाव लड़ चुका। पार्षदों के साथ एक अन्य तस्कर को भी पकड़ा है। पुलिस ने दो कारों से 40 किलो डोडा-पोस्त बरामद किया है।

पुलिस ने प्यारेलाल, तोजेंद्र सिंह और शिवकुमार को गिरफ्तार किया है। प्यारेलाल पीलीबंगा नगर पालिका में कांग्रेस और तोजेंद्र सिंह निर्दलीय पार्षद है। शनिवार सुबह अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर जब पुलिस ने कार रोकने का इशारा किया तो पार्षद गाड़ी दौड़ाकर भागने लगे। आधा किलोमीटर भागने के बाद पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी की।

राजियासर थानाधिकारी सतीश यादव ने बताया कि कांस्टेबल आत्माराम को मुखबिर के जरिए 2 कारों से मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर कानोर गांव की रोही के पास नाकाबंदी की गई। सुबह 5 बजे बीकानेर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने गाड़ी भगाने की कोशिश की। पुलिस टीम ने आधा किलोमीटर तक पीछा कर कार को पकड़ लिया। कार में सवार लोगों से पूछताछ में वे घबरा गए। सख्ती से पूछताछ पर पता चला कि पीछे एक कार में डोडा- पोस्त लाई जा रही है।

श्रीगंगानगर के राजियासर थाना पुलिस ने नशे की तस्करी करते दो पार्षद प्यारेलाल व तोजेन्द्र सिंह व तस्कर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि थोड़ी देर बाद पीछे से आ रही दूसरी कार को भी रोक लिया। कार की तलाशी में पीछे की सीट और डिग्गी में एक-एक कट्टा रखा मिला, जिनमें डोडा-पोस्त भरा था।

थानाधिकारी यादव ने बताया कि पूछताछ में एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी में सवार पार्षद तोजेंद्र सिंह और प्यारेलाल निकले। मादक पदार्थ वाली गाड़ी का ड्राइवर पीलीबंगा निवासी शिवकुमार था। तीनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। तस्करी में प्रयुक्त दोनों गाडियां भी जब्त कर ली गई।

अवैध हथियार सहित गिरफ्तार : श्रीगंगानगर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान में बड़ी कामयाबी हासिल की है। शहर की सदर पुलिस ने मोटर मार्केट से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से देसी पिस्तौल और मैग्जीन बरामद हुई है। डीआईजी सह जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी की पहचान भूपेंद्र वाल्मीकि उर्फ भूपी राणा (24) के रूप में हुई है। आरोपी छोटी टेलेवाला क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसे मोटर मार्केट में गणेश ट्रेडर्स कबाड़ की दुकान के पास से पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आर्म्स

■ प्यारेलाल पीलीबंगा नगर पालिका में कांग्रेस और तोजेन्द्र सिंह निर्दलीय पार्षद है, ये दोनों तस्करों की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहे थे

एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। टीम में थाना सदर की टीम में हैड कांस्टेबल गुलाब सिंह और सत्यनारायण शामिल थे। कांस्टेबल रोहिताश और ड्राइवर सूरजपाल भी टीम में शामिल थे।

इनामी तस्कर गिरफ्तार : सूरतगढ़ सर्किल की राजियासर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के दर्ज एक प्रकरण में 2 साल से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नागौर क्षेत्र निवासी इस आरोपी पर पुलिस ने ?20 हजार का इनाम भी घोषित किया हुआ था। जिसे दोपहर बाद नागौर से सूरतगढ़ लाया गया।

राजियासर थानाधिकारी सतीश कुमार ने शाम के समय जानकारी दी कि थाना के तत्कालीन एसएचओ सत्यनारायण गोदारा ने 22 अप्रैल 2023 को गश्त के दौरान संजीव कुमार उर्फ संजय पुत्र सतपाल निवासी हिम्मतपुरा, पुलिस थाना बहाववाला, जिला फाजिल्का (पंजाब) के कब्जे से 53 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया था। इस कार्रवाई में पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया था। जिस पर थाना में मुकदमा दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू की थी। सीआई ने बताया कि तब आरोपी संजीव कुमार से पूछताछ में सामने आया कि उसने यह डोडा पोस्त नागौर क्षेत्र निवासी राकेश कुमार से खरीदी थी। इस मामले में पुलिस राकेश कुमार की लंबे समय से तलाश कर रही थी। जिस पर बाद में पुलिस ने 20 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया था। सीआई ने बताया कि प्रकरण में उनके सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। जिसने तकनीकी साधनों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी राकेश कुमार उर्फ भगवान राम पुत्र शिवकरण निवासी गांव चावडिया, पुलिस थाना पचौड़ी, जिला नागौर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

नकबजन गिरफ्तार : सूरतगढ़ सिटी थाना पुलिस ने चोरी और नकबजनी के एक आरोपी को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर उससे सोने चांदी के जेवरात भी बरामद किए हैं। थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि 4 फरवरी 2025 को डिग्री कॉलेज के पीछे रहने वाले वार्ड नंबर 4 के निवासी सहीराम पुत्र धनाराम नायक ने थाना में हाजिर होकर परिवाद दिया था।

जिसमें उल्लेख किया गया था कि 2 फरवरी 2025 की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर नगदी और सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए। सीआई ने बताया कि दिए गए परिवाद के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच थाना के सहायक उप निरीक्षक ताराचंद गोदारा को सौंपी गई है।

विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

हनुमानगढ़, (कासं)। भिरानी पुलिस थाने एक महिला ने सास-ससुर और पति के खिलाफ दहेज के लिए घर से निकालने का मामला दर्ज कराया है।

हनुमानगढ़ में दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकालने का मामला सामने आया है। भारतीय वायु सेना में कॉर्पोरल के पद पर तैनात एक जवान और उसके परिवार पर दहेज के लिए पत्नी को प्रताडित करने की शिकायत थाने में दी गई है।

भिरानी पुलिस थाने के एसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता पूनम (24) ने शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 1 अप्रैल 2024 को राजेश कुमार से हुई थी। शादी में पूनम के परिवार ने 6 लाख 21 हजार रूपए नकद के अलावा सोने-चांदी के जेवर दिए थे। इसमें सोने की चैन, कड़ा, पांच अंगूठी, कान के बाले, नाक की तिल्ली और गले का हार शामिल थे। साथ ही चांदी की पायजेब, बाइक, 51 सूट, 51 बर्तन, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन और सिलाई मशीन भी दी गई।

इतना सब कुछ देने के बाद भी पति और सास-ससुर संतुष्ट नहीं हुए। वे नई कार की मांग करने लगे। सास-ससुर ने पूनम को कम पढ़ी-लिखी होने का ताना दिया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा एयरफोर्स में है और उन्हें पूनम पसंद नहीं है। वे अपने बेटे की दूसरी शादी करेंगे। पति और सास-ससुर ने पूनम को घर से निकाल दिया। पांच दिन पहले पंचायत बुलाई गई। पंचायत में भी उन्होंने कार की मांग दोहराई। जब पूनम ने अपना स्त्रीधन मांगा तो उसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सार-समाचार

मेघवाल ने दी सुमन छाजेड़ को बधाई

भाजपा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने अर्जुनराम मेघवाल का स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अगुवाई में भाजपा नेताओं ने आज नाल हवाई अड्डे पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को दुपट्टा पहनाकर, पुच्छ भेंट पर स्वागत किया। मेघवाल ने छाजेड़ को शहर जिलाध्यक्ष निर्वाचन की बधाई दी। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया छाजेड़ के निर्वाचन के बाद पहली मुलाकात में अर्जुनराम मेघवाल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी और आगामी संगठन के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। आज के इस स्वागत में ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर, प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चारण, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यप्रकाश आचार्य, गुमान सिंह राजपुरोहित, महावीर रांका, नरेश नायक, गोकुल जोशी, दीपक पारीक, अशोक प्रजापत, भारती अरोड़ा, जेठमल नाहटा, प्रकाश मेघवाल, अशोक मीणा, जेठमल नाहटा, अनिल हर्ष, चंद्रशेखर शर्मा, कैलाश विश्नोई, इंद्र राव, उपासना जैन के साथ पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बेटी के लिए एसपी से गुहार

हनुमानगढ़, (कासं)। यहां अपनी नाबालिग बेटी को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग के संबंध में नाबालिग की मां ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक के नाम परिवाद शाखा प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। नाबलिग की बरामदगी नहीं होने पर विरोध तेज करने की चेतावनी भी दी गई है। मामला तलवाड़ा झील पुलिस थाना क्षेत्र का हैं। टिब्बी तहसील क्षेत्र की निवासी महिला ने बताया कि उसने 13 नवंबर 2024 को तलवाड़ा झील पुलिस थाना में हरियाणा निवासी आरोपी के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री को घर से बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मुकदमे की जांच हैड कांस्टेबल कैलाश नारायण को सौंपी गई थी। लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारी की ओर से इस मुकदमे में अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। न ही अभी तक उसकी नाबालिग बेटी को बरामद किया गया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई कि उसकी नाबालिग बेटी को शीघ्र बरामद कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए जांच अधिकारी को आदेश देने की मांग की।

बैग से जेवर चोरी

हनुमानगढ़, (कासं)। पीलीबंगा से संगरिया में अपने रिश्तेदार के पास आई मां-बेटी के पास मौजूद ट्रॉली बैग से सोने के गहने चोरी हो गए। बेटी ने एक युवक पर शक जताते हुए उसके खिलाफ संगरिया पुलिस थाने में नामजद मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एएसआई किशोर सिंह ने बताया कि इशिता चौहान (20) पुत्री पवित्र मोहन चौहान निवासी वार्ड 11, भैरव मंदिर के पास, पीलीबंगा ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह और उसकी मां पीलीबंगा से रेलगाड़ी में सवार होकर संगरिया पहुंचे। उसे और उसकी माता को वार्ड 24 में मनोज कुमार गहलोत के घर के सामने वाले मकान के मालिक ने अपने मकान के पीछे बने कमरे में रूकवाया। वहां पर पहुंचकर एक कमरे में उन्होंने चार ट्रॉली बैग, एक कम्बल का बैग, एक हैंड बैग पर्स रख दिया। वापस कमरे से निकलते समय उन्होंने लाल रंग के ट्रॉली बैग जिसमें उसकी मां और बड़ी बहन के गहने थे, उसके ताला लगाया।

शहर की सीमा विस्तार, 25 नई कॉलोनियां निगम दायरे में आयेंगी

बीकानेर, (कासं)। आखिरकार नगर निगम ने सीमा विस्तार करने का निर्णय कर ही लिया। जयपुर रोड और उसके आसपास के इलाके की 25 नई कॉलोनियां सीमा विस्तार के बाद निगम क्षेत्र में शामिल हो जायेगी। ये मांग पिछले 7 साल से हो रही है।

नगर निगम ने जो प्रस्ताव लिया है उसमें हल्दीराम प्याऊ से उदासर नहर तक के क्षेत्र को निगम एरिया में शामिल करने का निर्णय किया है। उदासर की मूल पंचायत का इलाका शहरी सीमा में नहीं आयेगा। हल्दीराम प्याऊ से नहर तक अन्य प्राइवेट कॉलोनियां जरूर निगम में शामिल होंगी जिसमें डिफेंस, विराट, बजरंग विहार, वैष्णोधाम समेत दो दर्जन कॉलोनियां शामिल हैं।

माना ये जा रहा था कि निगम जयपुर-जोधपुर बाईपास तक निगम का दायरा करेगा लेकिन बाईपास से कुछ ही दूरी पहले सीमा को रोका गया

■ नगर निगम ने जो प्रस्ताव लिया है उसमें हल्दीराम प्याऊ से उदासर नहर तक के क्षेत्र को निगम एरिया में शामिल करने का निर्णय किया है

है। इसलिए अगर ये प्रस्ताव मंजूर हुआ तो निगम क्षेत्र की सीमा अब हल्दीराम प्याऊ नहीं रहेगा। हल्दीराम प्याऊ से दाहिनी तरफ स्वर्ण जयंति, स्वर्ण जयंति विस्तार, यूआईटी क्वार्टर, डी-मार्ट वाली रोड तक का इलाका भी निगम क्षेत्र में आयेगा। डीमार्ट से शिवबाड़ी की तरफ जाने वाली रोड के भीतर जो मकान और कॉलोनियां आयेगी वो भी नगम एरिया माना जायेगा।

ऐसा होने से करीब 25 हजार की आबादी नगर निगम एरिया में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि अब तक नगर निगम की सीमा हल्दीराम प्याऊ ही थी लेकिन बीते एक दशक में करीब 100 से ज्यादा कॉलोनियां बस गई। जयपुर रोड पर तो बाईपास तक आबादी बस गई। यहां ये भी समस्या थी कि कुछ लोग शहरी क्षेत्र में रहने के बाद भी खाजूवाला विधान सभा क्षेत्र और ग्राम पंचायत सरपंच के लिए मतदान करते थे। कुछ ऐसे भी हैं जिसमें एक पड़ौसी निगम में वोट करता तो दूसरा सरपंच के लिए। इस क्षेत्र को निगम एरिया बनाने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड़ भी कलेक्टर से मिली थी।

जो कॉलोनियां निगम क्षेत्र में आयेगी वहां बुरी दुर्दशा है। ना सीवरेज है ना सड़क। ना ही नालियां और ना ही जल निकासी की व्यवस्था है।

सेवानिवृति पर डॉ. रजनीश शर्मा को विदाई दी

बीकानेर, (कासं)। मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग के प्रमुख डॉ. रजनीश शर्मा की राजकीय सेवा से सेवानिवृति पर शनिवार को भावभीनी विदाई दी गई।

ट्रोमा सेन्टर के निदेशक डॉ. बी. एल. खजोटिया ने उनके विभाग के विभागाध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। ट्रोमा सेन्टर के सेमिनार हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में पीबीएम के नवनियुक्त अधीक्षक डॉ एस. के. वर्मा, डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ. बी. एल. खजोटिया का सम्मान किया गया। डॉ. रजनीश शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई ।

पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. के. वर्मा ने कहा कि फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग का अस्थि रोग विभाग, न्यूरोलॉजी, सर्जरी सहित विभिन्न विभागों से गहरा रिश्ता है। जिसे डॉ रजनीश शर्मा ने बखूबी निभाया है।

बस चालक से मारपीट कर 25 हजार छीने

नोखा, (कासं)। नोखा में बस ड्राइवर से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नोखा थाने में तीन लोगों के खिलाफ मारपीट और 25 हजार रूपए लूटने की शिकायत दर्ज कराई है। बेरासर निवासी मुनीराम जाट ने रिपोर्ट दी है।

मुनीराम ने बताया कि उसकी बस नोखा से बीकानेर वाया नापासर, मुकाम और बेरासर रूट पर चलती है। 26 फरवरी को उनकी बस अम्बेडकर सर्किल नोखा पर खड़ी थी। इस दौरान शराब के नशे में धुत राकेश काकड़ा, सुनील बिश्नोई और प्रदीप बिश्नोई वहां आये। राकेश के हाथ में शराब की बोतल थी। आरोपियों ने मुनीराम और उनके खलासी पवन को धमकाया कि रूट पर बस चलाने के लिए उन्हें शराब के लिए पैसे देने होंगे।

मना करने पर तीनों ने मुनीराम और पवन के साथ मारपीट की। आरोपियों ने अगले दिन रूट पर बस चलाने पर परिणाम भुगतने की धमकी

■ रूट पर चलाने पर बस को जलाने की धमकी दी, मुकदमा दर्ज

दी। अगले दिन 27 फरवरी को सुबह जब मुनीराम की बस अम्बेडकर सर्किल पर सवारियां ले रही थी। इसी दौरान तभी राकेश, प्रदीप और सुनील 8-10 अन्य लोगों के साथ एक बस में आये।

उन्होंने अपनी बस को मुनीराम की बस के आगे लगाकर उसे रोका। फिर मुनीराम और पवन को बस से नीचे खींचकर मारपीट की। इस दौरान मुनीराम की जेब से 25,000 रूपए छीन लिए। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि वे मुनीराम की बस को रूट पर नहीं चलने देंगे और बस को जला देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किसान से की धोखाधड़ी

हनुमानगढ़, (कासं)। करीब छह लाख रुपए कीमत की नरमा की फसल खरीद कर रूपयों का भुगतान नहीं कर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव मक्कासर के एक किसान की ओर से व्यापारी के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार राजेन्द्र (44) पुत्र बालूराम जाट निवासी वार्ड 15, गांव मक्कासर ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसने 15 नवंबर 2024 को अपनी 80 क्विंटल नरमा की फसल 7580 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से प्रेम सेनिया पुत्र हाकमराय अरोड़ा निवासी नई आबादी, गली नम्बर 10, हनुमानगढ़ टाउन को बेची थी। फसल बेचान के 6 लाख रुपए बने। प्रेम सेनिया उसके घर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में नरमा लोड कर ले गया। प्रेम सेनिया ने 19 जनवरी 2025 को 3 लाख रुपए और 25 अप्रैल 2025 को 3 लाख रुपए अदा करने की बात कही। इस संबंध में स्टाम्प पेपर पर लिखित करवाई गई परन्तु प्रेम सेनिया ने अभी तक उसकी फसल बेचान के रूपए अदा नहीं किए। उसके साथ धोखाधड़ी कर नरमा ले जाना था। अब कोई रुपए नहीं मिलेंगे। रूपए न देने की नीयत से प्रेम सेनिया ने उसके साथ गाली-गलौज की और धमकी दी। अब प्रेम सेनिया न तो फोन उठा रहा है न ही रूपए दे रहा है।

सार्वजनिक सूचना

मेरे अभिभाष्य सत्यनारायण स्वामीपुत्र बनवारी स्वामी निवासी ग्राम चालकोई बणीरोतान की हिदायत पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य के दो पुत्र और एक पुत्री है। मेरे बडे पुत्र प्रतीम (24) व छोटा पुत्र सोनू (22) व पुत्री सुगना (21) वर्ष है। मेरे अभिभाष्य का छोटा पुत्र सोनू पारिवारिक अनुशासन में नहीं है व कहने सुनने में नहीं है। अतः मेरे अभिभाष्य ने उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्यमें उसके द्वारा किए गए किसी कृत्य/संव्यवहार के लिए मेरे अभिभाष्य व उसकेपरिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी व स्वयं जिम्मेदार होगा सूचित रहें।

भवदीय
मयंक शर्मा एडवोकेट,चूरू

राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड झुंझुनूं
आवश्यक सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की खण्ड झुंझनूं के अधीन आवासीय योजनाओं के निम्न सूची में सम्बन्धित आवंटियों को मण्डल द्वारा किराया क्रय/नकद भुगतान/स्वचित पोषित योजना/खुली बिक्री योजना के अन्तर्गत आवास आवंटित्त किये थे। इन आवंटियों ने अपने आवास का विक्रय/हस्तानान्तरण अन्य व्यक्तियों को कर दिया है। आवास क्रय करनेवाले व्यक्तियों ने आवास को अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु वांछित प्रपत्रों सहित आवेदन किया है। मण्डल द्वारा निम्न सूची में सम्मिलित आवास का मूल आवंटी के नाम से निरस्तीकरण/एवं क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण के विरूद्ध यदि कोई हितकारी अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहे तो इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 07 दिवस में झुंझुनूं के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा यह मानते हुये कि इन आवासों के मूल आवंटी/अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नही है। मूल आवंटी के नाम से आवास निरस्त करते हुये क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। क्रम संख्या 01, आवास संख्या01/303, मूल आवंटी का नाम श्री सोहन सिंह डूडी, क्रेता का नाम श्री राम सिंह, योजना का नाम पुरानी कॉलोनी झुंझुनूं, शहर झुंझुनूं।

(जे.पी. वर्मा)
राज.आवासन मण्डल खंड झुंझुनूं

तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का लिया निर्णय

नोखा, (कासं)। रेलवे ने होली की छुट्टियों को देखते हुए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनल, वलसाड-खातीपुरा और मुम्बई सेंट्रल-खातीपुरा के बीच चलेगी।

इसमें बीकानेर-बांद्रा को साप्ताहिक है तथा बाकी दोनों ट्रेनें त्रिसाप्ताहिक है। बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनल ट्रेन बीकानेर से चलने वाली पहली एसी चेयरकार होगी। इस ट्रेन में गरीब रथ श्रेणी के 12 थर्ड एसी कोच भी होंगे। रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि गाड़ी संख्या 09035 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 5 से 26 मार्च तक चलेगी। बांद्रा टर्मिनस से ये ट्रेन हर बुधवार को सुबह 11 बजे रवाना होकर गुरूवार को

■ बीकानेर से पहली एसी चेयरकार, ट्रेन पांच से बांद्रा के लिए चलेगी

9.10 बजे बीकानेर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09036 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक ट्रेन 6 से 27 मार्च तक चलेगी। बीकानेर से ये ट्रेन गुरूवार को 10 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन शुक्रवार को 11:40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में बोरीवली, वापी, वलसाड, वडोदरा, आणंद, साबरमती, रानीवाडा, मारवाड़ भीनवाल, जालोर, मोकलसर, समदडी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर और नोखा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

बाइक चोरी की वारदात कैमरे में हुई कैद

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन में पटवार घर के आगे खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी हो गई। बाइक चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई

इस मामले में टाउन पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में नजर आ रहे संदिग्ध की धरपकड़ के प्रयास कर रही है। एएसआई दलीप सिंह ने बताया कि अरूण छाबड़ा (40) पुत्र सुरेन्द्र अरोड़ा निवासी वार्ड 43, पुलिस कॉलोनी ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अशोका जनरल स्टोर के नाम से पटवार घर के सामने हनुमानगढ़ टाउन में दुकान का संचालन करता है। उसने 24 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे अपनी बाइक पटवार घर के आगे लॉक लगाकर खड़ी की थी।

आई.जी.एन.पी. से सिंचाई के लिए पानी देने से इनकार

श्रीगंगानगर, (कासं)। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की तकनीकी समिति की चंडीगढ़ में हुई बैठक में किसानों को बड़ा झटका लगा है। बैठक में इंदिरा गांधी नहर परियोजना को सिंचाई के लिए पानी देने से इनकार कर दिया गया है।

बोर्ड ने केवल पेयजल आपूर्ति के लिए 2850 क्यूसेक पानी देने का फैसला किया है। जल संसाधन (उत्तर) के मुख्य अभियंता प्रदीप रूस्तगी ने सिंचाई के लिए पानी की मांग की लेकिन बीबीएमबी ने पौंग बांध में कम जल स्तर का हवाला देते हुए यह मांग खारिज कर दी। बैठक में भाखड़ा प्रणाली के लिए 700 क्यूसेक और गंग कैनाल के लिए 1600 क्यूसेक पानी

■ पानी न मिलने से 89,328 हेक्टेयर में गेहूं की फसल को नुकसान का खतरा

देने का निर्णय लिया गया। अकेले श्रीगंगानगर जिले में आईजीएनपी क्षेत्र में 89,328 हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई हुई है। पानी न मिलने से इन फसलों को नुकसान का खतरा है।

बोर्ड 10 मार्च को पौंग बांध पर समीक्षा बैठक करेगा। यदि तब तक बांधों में पानी की आवक बढ़ती है, तो जल आवंटन में वृद्धि की जा सकती है। इस फैसले से किसानों में भारी आक्रोश है। उन्हें अपनी गेहूं और जौ की फसलों की चिंता सता रही है।

प्रदीप रूस्तगी चीफ इंजीनियर जल संसाधन उत्तर, हनुमानगढ़ ने कहा कि आईजीएनपी (इंदिरा गांधी नहर परियोजना) में सिंचाई पानी लेने के लिए काफी प्रयास किए। पौंग बांध का जल स्तर कम होने के कारण सिर्फ पेयजल आपूर्ति के लिए 2850 क्यूसेक ही पानी मिला। 10 मार्च को पौंग बांध पर ही फिर रिव्यू करेंगे। रायसिंहनगर क्षेत्र के किसान नेता कालू थोरी ने बताया कि बीबीएमबी कमेटी की चंडीगढ़ में हुई बैठक ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। किसान को अगर पानी नहीं मिला तो उसकी गेंहू और जौ की फसल बिना पानी के खराब हो जायेगी।

542 स्कूली बच्चों की निशुल्क नेत्र जांच, 40 बच्चों में नेत्र दोष पाया

बीकानेर, (कासं)। रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर मरूधरा द्वारा रोटरी नानेश नेत्र चिकित्सालय के सरंक्षण में प्रारंभ हुए नेत्र ज्योति कलश अभियान में आज आदर्श विद्या मंदिर स्कूल गडसीसर रोड बीकानेर में अध्ययनरत 542 स्कूली बच्चों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। जिसमें से 40 बच्चों में नेत्र दोष पाया गया।

शिविर संयोजक रोटे. सचिव अनिल भंडारी एवं आशीष कोठारी ने बताया कि आज के मोबाइल युग में बच्चों में नेत्र दोष आना बेहद चिंताजनक है। साथ ही कैम्प के प्रभारी डॉ अनंत शर्मा ने बताया कि मरूधरा क्लब द्वारा पिछले सात सालों यह सेवा प्रकल्प निरंतर किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ष 40 से अधिक स्कूलों में यह शिविर निःशुल्क लगाया जाता है एवं अब तक हजारों बच्चों की जांच इस शिविर में की जा चुकी है। क्लब अध्यक्ष

रोटरी मरूधरा के नेत्र ज्योति कलश अभियान में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल गडसीसर रोड बीकानेर में अध्ययनरत बच्चों की नेत्र जांच की गई।

रोटे. शकील अहमद ने बताया कि नेत्र दोष पाए गए बच्चों के इलाज हेतु स्कूल प्रशासन द्वारा माता पिता को सूचित किया गया है ताकि रोटरी मरूधरा स्कूल प्रशासन के साथ मिलकर बच्चों का निशुल्क इलाज करवा सकें।

शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. अनंत शर्मा ने बच्चों की बीमारी का अहम कारण मोबाइल बताते हुए कहा

■ बच्चों के निरंतर मोबाइल देखने से आंखों पर असर पड़ता है

कि आज की आधुनिकता में माता-पिता द्वारा अपने समय को अपने बच्चों को नहीं देकर उन्हें मोबाइल दे देते हैं एवं बच्चों के निरंतर मोबाइल देखने से उनकी आंखों के रेटीना पर असर पड़ता है। फलस्वरूप उनमें नेत्र दोष उत्पन होता है। चूंकि बच्चे छोटे होते हैं तो वे अपनी इस समस्या को बता भी नहीं पाते हैं। शिविर में महावीर इंटरनेशनल संस्था भी सहयोग में शामिल हुई। क्लब अध्यक्ष शकील अहमद, डॉ. अनंत शर्मा, रोटे. आशीष कोठारी एवं शाला प्राचार्य नवल किशोर शर्मा, आदर्श विद्या मंदिर के अध्यक्ष मेघराज बोथरा आदि ने आभर व्यक्त किया।

धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। जमीन की धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना जंक्शन ने नरजिंद्र सिंह उर्फ राजा और सोनू को गिरफ्तार किया है। दोनों श्रीगंगानगर जिले के हिन्दुमलकोट क्षेत्र के रहने वाले हैं।

मामला 23 अप्रैल 2021 का है। अमित गोयल और अमिल बंसल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि महेन्द्र सिंह ने खुद को बृजलाल बताकर, राजू और भागीरथ के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन दस्तावेजों के जरिए बृजलाल की जमीन का बैनामा करवाकर 81.54 लाख रूपए की धोखाधड़ी की। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इस मामले में पहले ही राजू उर्फ राजाराम, कुलविंद्र सिंह, परमजीत सिंह उर्फ काला, सुभान खान, महेंद्र सिंह, बबलू और गुरबख्श सिंह को गिरफ्तार कर लिया था।

कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा, जिला - हनुमानगढ़

क्रमांक-/नपापी/आ.सू./2024-25/ 4055 -: आपत्ति सूचना :- दिनांक- 20.02.2025

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा पत्नी श्री पवित्र मोहन, जाति माली निवासी वार्ड नम्बर 17 मंडी पीलीबंगा ने पालिका में ऑनलाईन/ऑनलाईन आवेदन 13-11-2024 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर- वधवा कॉलोनी, वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 22 साईज 10 गुणा 40 = 400 वर्गफुट एवं वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 23 साईज 10 गुणा 40 = 400 वर्गफुट की लीजडीड/पट्टा अपने नाम से जारी करवाना चाहते है बतौर सबूत बैयनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसियतनामा की प्रति इत्यादि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं। मूल खातेदार श्री धर्मचन्द पुत्र चानणदास व श्री सुभाषचन्द पुत्र श्री धर्मचन्द जाति अरोड़ा निवासी पीलीबंगा द्वारा भूखण्ड संख्या 22 साईज 10 गुणा 40 = 400 वर्गफुट जरिये रजिस्टर्ड बैयनामा 22.04.1988 व भूखण्ड संख्या 23 साईज 10 गुणा 40 = 400 वर्गफुट जरिये रजिस्टर्ड बैयनामा 22.04.1988 के द्वारा श्री नन्दकिशोर पुत्र श्री ओमप्रकाश, जाति पुरी निवासी पुरी मेडिकल स्टोर जीटी रोड मंडी अमृतसर पंजाब को किया। तत्पश्चात् श्री नन्दकिशोर पुत्र श्री ओमप्रकाश, जाति पुरी निवासी पुरी मेडिकल स्टोर जीटी रोड मंडी अमृतसर पंजाब द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 22 साईज 10 गुणा 40 = 400 वर्गफुट व भूखण्ड संख्या 23 साईज 10 गुणा 40 = 400 वर्गफुट का बैचान जरिये रजिस्टर्ड बैयनामा 16.04.2001 के द्वारा श्री पवित्र मोहन पुत्र श्री डॉ. हमीर सिंह, जाति चौहान निवासी वार्ड नम्बर 07 मं